हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Karnal - 25 Mar 2024 - Page 2

एनएसएस से जुड़े रहने पर दिया बल

- सात दिवसीय ष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

राजकीय महिला महाविद्यालय, घरौंडा बसताड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर प्राचार्य डॉ.महेंद्र सिंह बागी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा से जुड़े रहने पर बल देते हुए कहा कि छात्राओं को व्यक्तित्व के विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभागिता आवश्यक करनी चाहिए। छात्राएं इस प्रकार के सामूहिक कार्यों से बहुत कुछ सीखती हैं और अपने जीवन में भी धारण करती हैं ।उन्होंने स्वयं सेविकाओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा ने 18 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित सात दिवसीय शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिविर का मुख्य विषय आत्मनिर्भर भारत रहा। जिसके अंतर्गत बसताड़ा गांव में नुक्कड़ नाटिका, जल बचाओ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली एवं साक्षरता अभियान चलाया गया। स्वयं सेविकाओं ने गांव में जाकर महिलाओं को स्वच्छता एवं स्वस्थ आहार के विषय में भी जागरूक किया ।मंच का संचालन डॉ. विक्रम सिंह ने किया। प्राचार्य द्वारा स्वयं सेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संजीवनी और वंशिका को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर घोषित किया गया । कार्यवाहक प्राचार्या कमलेश रानी ने शिविर के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सहायक प्रवक्ता रेणु कुमारी ,श्री पवन कुमार, डॉ.मुकेश कुमार तथा श्री सुमित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन

स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र देते हुए प्रिंसीपल। (ह.इ.)

करनाल, 24 मार्च (राकेश): राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा से जुड़े रहने पर बल देते हुए कहा कि छात्राओं को व्यक्तित्व के विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभागिता अवश्य करनी चाहिए।

छात्राएं इस प्रकार के सामूहिक कार्यों से बहुत कुछ सीखती हैं और अपने जीवन में भी धारण करती हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अनुराधा ने 18 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित 7 दिवसीय शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिविर का मुख्य विषय आत्मनिर्भर भारत रहा जिसके अंतर्गत बसताड़ा गांव में नुक्कड़ नाटिका, जल बचाओ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली एवं साक्षरता अभियान चलाया गया।

स्वयंसेविकाओं ने गांव में जाकर महिलाओं को स्वच्छता एवं स्वस्थ आहार के विषय में भी जागरूक किया। प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। संजीवनी और वंशिका को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर घोषित किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रवक्ता रेणु कुमारी, पवन कुमार, डॉ. मुकेश कुमार तथा सुमित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

संजीवनी, वंशिका को मिला सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी

स्वयं सेविका को प्रमाणपत्र देते मुख्य अतिथि व अन्य। संवाद

मधुबन। राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। प्राचार्य डॉ.महेंद्र सिंह बागी ने कहा कि छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभागिता जरूरी है।

छात्राएं इस प्रकार के सामूहिक कार्यों से बहुत कुछ सीखती हैं। प्राचार्य की ओर से स्वयं सेविकाओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। संजीवनी और वंशिका को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर घोषित किया गया। मौके पर कमलेश, रेणु कुमारी, पवन कुमार, डॉ. मुकेश कुमार व सुमित कुमार मौजूद रहे। संवाद